# मोकामा-मुंगेर ग्रीनफील्ड निर्माण से विकास को गति मिलेगी : विजय

**संवाददाता, पटना**

**उपमुख्यमंत्री** सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मोकामा से मुंगेर ग्रीनफील्ड फोरलेन के जमीन



अधिग्रहण के लिए केंद्र सरकार की मंजूरी पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया है. उपमुख्यमंत्री ने शुक्रवार को कहा है कि 21 नवंबर, 2024 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मेरे अनुरोध पर बोधगया में इस सड़क के निर्माण की घोषणा की थी. इतने कम समय में इस सड़क को मंत्रालय से मंजूरी मिल गयी है. राज्य सरकार के अनुरोध पर केंद्र सरकार द्वारा इसके लिए चार हजार करोड़ का बजट प्रावधान इसी वर्ष कर दिया गया है.

उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री नें बताया कि यह सड़क पटना, लखीसराय और मुंगेर जिले से गुजरेगी, जिससे आसपास के इलाकों में सुगम यातायात का मार्ग प्रशस्त होगा. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बिहार के प्रति विशेष लगाव दिखता है. इस वर्तमान बजट में भी दिखा है. प्रधानमंत्री मोदी के सहयोग और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में पथ निर्माण विभाग लगातार आंमजनों को सुगम यातायात उपलब्ध कराने कराने के लिए प्रतिबद्ध है.